(5)

पूर्व मध्य रेल

परिचालन संरक्षा चेतावनी सं0 01/2019

विषयः— सिगनल को वापस **'ON'** स्थिति में करना ।

दिनांक 23.05.2019 को सोनपुर मंडल के गोरौल (**GRL**) स्टेशन तथा समस्तीपूर स्टेशन (**SPJ**) पर घटित घटना के संदर्भ में स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर को जागृत करने के लिए **GR&SR 3.36** के प्रावधानों को कडाई से अनुपालन हेतु पुनः दुहराया जाता है;-

सहायक नियमः 3.36 सिगनल को वापस **'ON'** स्थिति में करनाः— किसी गाड़ी को पास करने के लिए एक बार "ऑफ " किए गए सिगनल को, चरम स्थिति (दुर्घटना निवारण) को छोड़कर, सामान्य परिस्थितियों में "ऑन" स्थिति में वापस नहीं किया जायेगा।

गाड़ी के लोको पायलट, जिसके लिए सिगनल वापस "ऑन" स्थिति में किया गया है, को कार्यरत स्टेशन मास्टर/सहायक स्टेशन मास्टर/उप स्टेशन अधीक्षक सुरक्षित संचार माध्यमों— एम0टी0आर0सी0 इत्यादि, जहॉ उपलब्ध हो, या एम0टी0आर0सी0 इत्यादि के नहीं रहने पर लिखित ज्ञापन देगें कि उसका सिगनल वापस **'ON'** स्थिति में कर दिया गया है और वह गाड़ी न खुलायें।

(सलिल कुमार झा)
प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
पूर्व मध्य रेल/हाजीपुर

सं. इ.सी.आर/परि.संरक्षा/चेतावनी/73/505 दिनांकः 24.05.19